ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ल०ना०मि०-122/26 दिनांक 29/10/26

सेवा में,

1. प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य,
   सभी अंगीभूत, संबद्ध एवं राजकीय डिग्री महाविद्यालय,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. संबंधित अभ्यर्थीगण,
   ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, क्षेत्रान्तर्गत, दरभंगा।

विषयः- चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2026-30 (सी०बी०सी०एस०) में पंजीयन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में निदेशानुसार सूचित करना है कि विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी अंगीभूत/संबद्ध एवं राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र 2026-30 में नामांकित अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल (lnmu.samarth.edu.in) पर ऑनलाईन (On-line) के माध्यम से *600/-* (छः सौ) *रुपया* भुगतान कर *दिनांक- 30.10.2026 से 18.11.2026 तक* पंजीयन करना सुनिश्चित करेंगे।

पंजीयन के उपरांत अभ्यर्थी पोर्टल से पंजीयन पत्र (Registration Letter) एवं शुल्क भुगतान रसीद का प्रिंट निकालकर, कॉमन अप्लीकेशन फॉर्म (CAF) की प्रति के साथ, पंजीयन के अगले कार्य दिवस तक अपने महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। इसकी एक प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

पंजीयन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश

त्रुटि सुधारः-

अभ्यर्थी पोर्टल पर स्वयं कोई परिवर्तन अथवा त्रुटि सुधार नहीं कर सकेंगे, वे केवल अपने विषयों का चयन करेंगे। विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी लिखित आवेदन एवं संबंधित साक्ष्य/प्रमाणपत्र के साथ (पंजीयन के अगले कार्य दिवस में) अपने महाविद्यालय में जमा करेंगे। महाविद्यालय स्तर से भी मेजर (Major) विषय एवं कोटि (Category) में किसी भी परिस्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाय। अन्य त्रुटियों का सुधार महाविद्यालय आवेदन एवं साक्ष्य की जाँच के बाद ही अपने डैश-बोर्ड पर करेंगे। बिना साक्ष्य के कोई सुधार नहीं किया जाना चाहिये।

महाविद्यालय द्वारा जाँच एवं सुधारः-

महाविद्यालय में अभ्यर्थियों के कागजात एवं आवेदन प्रति दिन प्राप्त होंगे, अतः प्रधानाचार्य उसकी जाँच एवं त्रुटि सुधार का कार्य भी प्रतिदिन (Day-to-Day) करना सुनिश्चित करेंगे। जाँच के क्रम में प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किए गये दस्तावेज़ सही हों, चयनित Minor एवं MDC विषय महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों में से हों, MDC विषय Major एवं Minor से भिन्न हो तथा कुल क्रेडिट 20 हो। महाविद्यालय स्तर पर जाँच एवं त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि *दिनांक- 22.11.2026* है।

29/10/26

MDC (Multi Disciplinary Course) चयन में विशेष सावधानी:-

समर्थ पोर्टल पर MDC विषय के नाम से नहीं, बल्कि पेपर के नाम (Paper Name) से अंकित है, अतः अभ्यर्थी एवं महाविद्यालय MDC का चयन/जाँच अत्यंत सावधानी पूर्वक करें। जिस MDC का विषय प्रायोगिक (Practical) है, उसमें एक ही विषय का सैद्धांतिक (Theory - 2 क्रेडिट) एवं प्रायोगिक (Practical - 1 क्रेडिट) दोनों पेपर चयनित किए जाएँगे। किसी एक विषय का Theory एवं दूसरे विषय का Practical कदापि चयनित न करें। गलत चयन की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अभ्यर्थी का होगा।

नामांकन क्रमांक (Enrolment Number) एवं पंजीयन की प्रक्रिया:-

अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु समर्थ एडमिशन पोर्टल (lnmuadm.samarth.edu.in) से नामांकन क्रमांक (Enrolment Number) प्राप्त करने की विधि तथा समर्थ स्टूडेंट पोर्टल (lnmu.samarth.edu.in) पर पंजीयन, विषय-चयन (Course Selection) एवं शुल्क भुगतान की चरणबद्ध (Step-by-Step) सचित्र मार्गदर्शिका (दस्तावेज़) विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी पंजीयन करने से पूर्व उक्त मार्गदर्शिका का अवलोकन अवश्य कर लें।

सभी प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि उक्त मार्गदर्शिका को अपने महाविद्यालय की वेबसाइट/पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे तथा महाविद्यालय के सूचना-पट्ट पर भी प्रदर्शित करेंगे। साथ ही, महाविद्यालय, अभ्यर्थियों को नामांकन क्रमांक उपलब्ध करने एवं पंजीयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन (Guide) करेंगे, ताकि किसी भी अभ्यर्थी को पंजीयन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस कार्य हेतु संकायवार एक सक्षम टीम का महाविद्यालय स्तर से गठन किया जाय।

तकनीकी सहायता:-

पंजीयन से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर निम्नलिखित तकनीकी सहायक (TSA) से संपर्क किया जा सकता है:-

1. श्री अभिषेक कुमार, तकनीकी सहायक (TSA) - मो०: - *7759099899*
2. श्री मुरारी कुमार, तकनीकी सहायक (TSA) - मो०: - *9304667075*

कार्यक्रम समय सारणी

क्र0 सं0	कार्य	तिथि
1	अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन, विषय-चयन एवं रू0 600/- शुल्क भुगतान (अभ्यर्थी स्वयं कोई सुधार नहीं करेंगे)	30.10.2026 से 18.11.2026 तक
2	पंजीयन पत्र, CAF एवं शुल्क रसीद की छाया-प्रति तथा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन (साक्ष्य सहित) महाविद्यालय में जमा करना	पंजीयन के अगले कार्य दिवस तक
3	महाविद्यालय द्वारा डैश-बोर्ड पर अद्यतन एवं त्रुटि सुधार (अभ्यर्थी के आवेदन एवं साक्ष्य के आधार पर, मेजर विषय एवं कोटि में परिवर्तन नहीं)	अंतिम तिथि 22.11.2026

सभी प्रधानाचार्य से आग्रह है कि पंजीयन संबंधी सूचना अपने-अपने महाविद्यालय के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करते हुए सभी अभ्यर्थियों को सूचित करेंगे।

विश्वासभाजन,

29/10/26

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

29/10/26.